**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 26.01.2026**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली कोंच मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा एक परिवार को समझौता कराकर बिखरने से बचाया गया है ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद के थानों पर शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी थी। जिसमें उच्चाधिकारीगण के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त मिशन शक्ति केन्द्रों पर अधिकारी/कर्मचारीगण की नियुक्ति की गयी थी। जिनके द्वारा मिशन शक्ति केन्द्रों पर आने वाली पीडिताओं/फरियादियों की समस्याओं का सम्बन्धित के माध्यम से कुशल तरीके से निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक जालौन के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 25.01.2026 को मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली कोंच के सहयोग से वैचारिक मतभेद के कारण करीब 05 वर्षों से अलग रह रहे एक दम्पत्ति के मध्य सुलह समझौता कराकर परिवार बिखरने से बचाया गया।

इस विवाद में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी। जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी। जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट है। उक्त परिवारों द्वारा जनपद जालौन के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र व जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

जनपद जालौन के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों के द्वारा की जा रही कार्यवाही के सकारात्मक/ बेहतर परिणाम आ रहे हैं।

**उपरोक्त परिवार को 6 माह तक सतत निगरानी रख काउंसलिंग की जाएगी।**